संख्या–3506/बयालिस–2010–15–निर्माण/2009

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
खेल निदेशालय, उ0प्र0।

खेलकूद अनुभाग

लखनऊ : दिनांक : 30 नवम्बर, 2010

विषयः–जनपद–मिर्जापुर में स्पोर्ट्स स्टेडियम का निर्माण ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या–जी 606/नि0 /2008–09 दिनांक 01–11–2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या–741/बयालिस–2010–15–निर्माण/2009, दिनांक 31 मार्च, 2010 द्वारा जनपद मिर्जापुर में स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण हेतु पूर्व में नामित कार्यदायी संस्था " उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 के स्थान पर " यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन कारपोरेशन लिमिटेड " को कार्यदायी संस्था नामित किया गया था। सम्यक विचारोपरान्त प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु नामित कार्यदायी संस्था " यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपो0 लि0 " के स्थान पर अब " उ0 प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 " को पुनः कार्यदायी संस्था नामित किया जाता है।

2–इस संबंध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या–3448/बयालिस–2010–15–निर्माण/2009 दिनांक 28 फरवरी, 2010 द्वारा इस कार्य हेतु रू0 2,12,01,000/= (रू0 दो करोड़, बारह लाख, एक हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं रू0 40.00.000/= (रू0 चालीस लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

3–उक्त शासनादेश इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

4–शेष शर्ते मूल शासनादेश दिनांक 28 फ़रवरी–2010 के अनुसार यथावत रहेगी।

भवदीय
(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

संख्या–3506(1)/बयालिस–2008–तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी)प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2–महालेखाकार (लेखा परीक्षा)प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3–कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
4–जिलाधिकारी, मिर्जापुर ।
5–प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड 19 विधान सभा मार्ग,, लखनऊ।
6–प्रबन्ध निदेशक, यू0पी0 प्रोजेक्ट कारपो0 लि0 गोमतीनगर लखनऊ।
7–वित्त (आय–व्ययक)अनुभाग–1/2 ।
8–वित्त (व्यय नियंत्रण)अनुभाग–5 ।
9–नियोजन अनुभाग–4 ।
10–मीडिया सलाहकार मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0शासन।
11–निजी सचिव मा0 मंत्रीजी/प्रमुख सचिव, खेल एवं युवा कल्याण उ0प्र0 शासन।
12–क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, विंध्याचल मण्डल।
13–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

Malamal-2009-10